>

Title: Need to release funds for maintenance and improvement of National Highway No. 80 in Jharkhand - Laid.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, झारखण्ड राज्य में राÂष्ट्रीय राजमार्गों के अनुरक्षण, मरम्मत और विस्तार आदि कार्यों के लिए विस्तृत प्रस्ताव राज्य सरकार के द्वारा केन्द्र सरकार को व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर समर्पित किया गया है, जिसमें जर्जर राÂट्रीय राजमार्ग 80 का भी उल्लेख है। इस संबंध में हमने केन्द्र सरकार को लोक सभा और पत्र के माध्यम से समय-समय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं, परंतु प्रगति शून्य है। राजमार्ग-80 झारखण्ड के पिछड़े क्षेत्रों सहित ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल राजमहल के विकास के लिए जीवनरेखा हो सकता है, परंतु उपेक्षित है।

आदिवासी राज्य झारखण्ड के विकास के लिए सड़कों के उन्नयन एवं विकास के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण एन एच-80 क्षतिग्रस्त हो जाता है परंतु इसके मरम्मत के लिए आवश्यक उपाय नहीं किये जाते।

अतः राष्ट्रीय राजमार्ग-80 के अनुरक्षण, मरम्मत, चौड़ीकरण, उन्नयन एवं विकास के लिए समयबद्ध परियोजनाएं शुरू करने और एन एच-80 पर प्रस्तावित पुल निर्माण हेतु विशेष आर्थिक पैकेज जारी करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की महती कृपा की जाये।